डा. एस. अय्यप्पन
सचिव एवं महानिदेशक
Dr. S. AYYAPPAN
SECRETARY & DIRECTOR-GENERAL

भारत सरकार
कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग एवं
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली 110 014

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH & EDUCATION
AND
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
MINISTRY OF AGRICULTURE, KRISHI BHAVAN, NEW DELHI 110 114
Tel.: 23382629; 23386711 Fax: 91-11-23384773
E-mail: dg.icar@nic.in

Dy No. 1163/(L) Dated 20/11/2014

फा0सं0रा0भा0 7(3)/2013–हिन्दी दिनांक : 13 नवम्बर, 2014

## परिपत्र

**विषय : राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेशों के तहत बैठकों/सम्मेलनों आदि में बैनर, पोस्टर, नामपट्ट और अतिथि नामपट्ट आदि द्विभाषी रूप में बनाए जाने के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय में यह उल्लेखनीय है कि राजभाषा विभाग के आदेशों के अनुसार किसी भी प्रकार की बैठक/संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला आदि में बैनर, पोस्टर, नामपट्ट आदि अनिवार्य रूप से द्विभाषी या त्रिभाषी रूप में बनाए जाने अपेक्षित हैं। परन्तु हाल ही में राजभाषा विभाग से एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें यह शिकायत की गई है कि परिषद व इसके अधीनस्थ/कुछ संस्थानों आदि द्वारा इसका पूर्ण रूप से पालन नहीं किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में संस्थान में किसी भी प्रकार की कोई बैठक/संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला का आयोजन किया जाता है तो उसमें लगाए जाने वाले सभी बैनर, पोस्टर, नामपट्ट, साहित्य, प्रपत्र आदि 'क' और 'ख' क्षेत्र में द्विभाषी रूप में तथा 'ग' क्षेत्र में त्रिभाषी रूप में बनाए जाएं।

इसके अलावा, संस्थान की वेबसाइट को भी अनिवार्य रूप से द्विभाषी रूप में तैयार करके उसे समय–समय पर अद्यतन भी किया जाए।

एस. अय्यप्पन
(एस. अय्यप्पन)

वितरणः

1. **भा.कृ.अनु.प. के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केंद्रों के निदेशक**
2. **भा.कृ.अनु.प, कृषि भवन, कृ.अनु.भ –I /II तथा एनएएससी परिसर, नई दिल्ली में कार्यरत समस्त अधिकारी।**

21/11/14

21/11/14